Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:14 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:33 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 235 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 12 मार्च 2024



अजय देवगन की शैतान को...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### भाजपा-जजपा गठबंधन टूटा पूरी कैबिनेट का इस्तीफा

**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नेता व हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की एक दिन पहले मुलाकात हुई थी। सूत्रों के अनुसार, दोनों दलों में सीट शेयरिंग को लेकर बात बिगड़ी है। जजपा ने दो सीटें मांगी थी लेकिन भाजपा ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी जिससे गठबंधन टूटना तय हो गया था। लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा में भाजपा-जजपा गठबंधन टूट गया है। चंडीगढ़ में भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद सीएम अपने मंत्रिमंडल के साथ राजभवन पहुंचे और पूरी कैबिनेट का इस्तीफा सौंपा। अब दोपहर एक बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा। सूत्रों के अनुसार, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने अपनी सरकारी गाड़ियां लौटा दी हैं। इसके अलावा जजपा में भी टूट की खबर है। सूत्रों के अनुसार, जजपा विधायक देवेंद्र बबली भी भाजपा की बैठक में शामिल होंगे।

### विद्यापीठ की भूमि पर अतिक्रमण देख बिफरीं सिटी मजिस्ट्रेट

**हरिद्वार।** ऋषिकुल विद्यापीठ के खाली पड़े तमाम प्लॉट पर अवैध कब्जे की शिकायत का संज्ञान लेते हुए सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान मौके पर पहुंचीं। उन्होंने भूमि को संरक्षित करने के निर्देश देते हुए विद्यापीठ के प्रधानाचार्य से 15 दिन के अंदर किरायेदारों का सत्यापन करने और विवरण प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने भूमि पर अवैध कब्जे की विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी। सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान ने विकास कॉलोनी स्थित पार्क पर चहारदीवारी कराने के लिए आश्रम के प्रधानाचार्य से प्रस्ताव मांगा। उन्होंने कुछ लोगों की ओर से किए गए कब्जे को तत्काल हटाने के निर्देश भी दिए।

## पहाड़ से मैदान तक सेवा क्षेत्र में बढ़ेगी निवेश की रफ्तार, बढ़ेगा रोजगार

देहरादून
हमारे संवाददाता

पर्वतीय क्षेत्रों में मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में पांच साल के भीतर 50 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा उत्तराखंड की पहली सेवा क्षेत्र नीति से उत्तराखंड में सेवा क्षेत्र में निवेश की रफ्तार बढ़ेगी। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। प्रदेश सरकार ने नीति में पर्वतीय क्षेत्रों में 50 और मैदानी क्षेत्रों में 200 करोड़ के निवेश की सीमा तय की है, जिसमें कुल पूंजी निवेश पर प्रदेश 25 प्रतिशत तक सब्सिडी देगी। पर्वतीय क्षेत्रों में मल्टी सुपर



स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में पांच साल के भीतर 50 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा। सरकार पांच किस्तों में सब्सिडी का भुगतान करेगी। राज्य में सेवा क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने पहली सेवा क्षेत्र नीति को मंजूरी दे दी है। इस नीति से देश-दुनिया के निवेश

### 2030 तक 2500 करोड़ की सब्सिडी

प्रदेश सरकार 2030 तक सेवा क्षेत्र नीति को लागू करने का प्रावधान किया है। नीति के तहत प्रदेश में होने वाले निवेश पर सरकार 25 प्रतिशत सब्सिडी देगी। प्रदेश सरकार का अनुमान है 2030 तक 2500 करोड़ की राशि सब्सिडी पर खर्च होगी।

उत्तराखंड में स्वास्थ्य, वेलनेस, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, स्कूल, कॉलेज, विवि, फिल्म, मनोरंजन, खेल, सूचना प्रौद्योगिकी, डाटा सेंटर के साथ ड्रोन, विनिर्माण, आयुष, इलेक्ट्रॉनिक, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि-बागवानी, हस्तशिल्प में कौशल विकास का प्रशिक्षण संस्थान में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। नीति में निवेश के लिए पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में अलग-अलग सेवा क्षेत्र में निवेश की सीमा निर्धारित की है, जिसमें पांच साल के भीतर कुल पूंजी का 25 प्रतिशत या अधिकतम 100 करोड़ रुपये तक सरकार सब्सिडी देगी।

सीएम ने जताया आभार

## दून-लखनऊ वंदे भारत का पीएम ने किया वर्चुअल शुभारंभ

देहरादून
हमारे संवाददाता

देहरादून से लखनऊ के लिए नई वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत की गई है। पीएम मोदी के संबोधन के बाद ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। राजधानी दून से लखनऊ के लिए स्वदेशी ट्रेन वंदे भारत का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वंदे भारत ट्रेन को ट्रेन यार्ड में फूलों से सजाया गया है। राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और रेलवे के प्रमुख अधिकारी इस दौरान मौजूद रहे। दरअसल, देहरादून से लखनऊ के लिए नई वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत की गई है। ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीसी के माध्यम से रेलवे से जुड़ी कई परियोजनाओं की शुरुआत की। इस बार इस कार्यक्रम में एक स्टेशन एक उत्पाद कार्यक्रम की भी शुरुआत की गई। रेलवे ने देहरादून रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर दो से इस ट्रेन को पहली बार रवाना किया। प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने के लिए स्टेशन पर ही कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें राज्यपाल, गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रमुख सचिव राधा रतूड़ी सहित मंत्री, सांसद, विधायक सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने और देखने के लिए रेलवे स्टेशन पर कई एलईडी लगाई गई। वंदे भारत ट्रेन को ट्रेन यार्ड में तैयार किया गया। ट्रेन की वाशिंग के बाद उसको फूलों से सजाया गया। ट्रेन को 9:30 बजे रवाना किया गया। इस समय कोई भी ट्रेन दून स्टेशन से नहीं जाती।



### वंदे भारत में फ्री में जाने का मिला मौका

दून-लखनऊ के लिए वंदे भारत ट्रेन में पहली यात्रा के लिए यादगार बनाने के लिए रेलवे ने निशुल्क टिकट मुहैया कराए गए हैं। डॉ. टीएन जोहर रिटायर्ड भूवैज्ञानिक ने बताया कि वंदे भारत में जाने का मौका मिल रहा है। वह इसका फायदा धर्मलाभ के लिए उठाएंगे। वह लखनऊ तक इसमें जाएंगे और उसके बाद वहां से अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करने के लिए जाएंगे।

## उत्तराखंड के स्कूलों में 20 मार्च को छात्र व शिक्षक फूलदेई पर्व को सामूहिक रूप से मनाएंगे

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

**आदेश**
- माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने जारी किए आदेश

उत्तराखंड के स्कूलों में 20 मार्च को छात्र व? शिक्षक सामूहिक रूप से फूलदेई पर्व मनाएंगे। इस संबंध में निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखंड महावीर सिंह बिष्ट ने आदेश जारी किए हैं। निदेशक ने प्रदेश भर के राजकीय हाईस्कूल व इंटर, सीबीएसई व आईसीएसई स्कूलों के प्रधानाचार्य व प्रधानाध्यापकों को जारी किए पत्र में कहा है कि फूलदेई पर्व राज्य की सांस्कृतिक विरासत का अनूठा पर्व है। उन्होंने कहा कि 16 मार्च तक बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं और 17 मार्च से विद्यालयों में सामान्य गतिविधियां प्रारंभ हो जाएंगी। ऐसे में 20 मार्च को छात्र व शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में बाल ?पर्व फूलदेई को सामूहिक रूप से मनाएंगे। शिक्षा निदेशक ने सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड से संचालित स्कूलों के प्रधानाचार्यों से भी आग्रह किया है कि परीक्षा पूरी होने पर चैत्र मास में 14 मार्च से 12 अप्रैल के बीच में किसी भी एक दिन सुविधानुसार विद्यालयों में बालपर्व फूलदेई को उल्लास व उमंग के साथ मनाने में अपना योगदान प्रदान करें। शिक्षा निदेशक ने विश्वास जताया कि फूलदेई को विश्वस्तरीय पहचान दिलाने हेतु आप जहां एक ओर विद्यालयों में छात्रों व शिक्षकों की सहायता से इस पर्व को मनाएंगे, वहीं बच्चों को अपने घर व गांव में प्रत्येक दिन सुबह फूल पाती डालकर इस पर्व को निरंतर मनाने के लिए प्रोत्साहित भी करेंगे।



## योगी सरकार ने आईएएस अधिकारियों के किए तबादले

लखनऊ
एजेंसी

उत्तर प्रदेश में आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है। फिरोजाबाद के डीएम को हटाया गया है।

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले एक बार फिर आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर किया है। यूपी सरकार ने फिरोजाबाद के डीएम को हटा दिया है। प्रदेश सरकार ने कुछ आईएएस अधिकारियों की जिम्मेदारियों में भी बदलाव किया है। जानकारी के अनुसार, प्रदेश सरकार ने फिरोजाबाद के जिलाधिकारी उज्जवल कुमार को हटा दिया है। उन्हें विशेष सचिव सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम विभाग



बनाया गया है। कौशल विकास विभाग में विशेष सचिव रमेश रंजन को फिरोजाबाद का डीएम बनाया गया है। सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम विभाग में विशेष सचिव अरुण प्रकाश को नगर विकास विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। अपर निदेशक सहकारिता ईशा प्रिया को विशेष सचिव पर्यटन बनाया गया है।

विशेष सचिव गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग शेषनाथ को विशेष सचिव पीडब्ल्यूडी बनाया गया है। विशेष सचिव युवा कल्याण गौरव वर्मा को विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन बनाया गया है।

## उत्तराखंड में कांग्रेस के पांचों सीटों पर प्रत्याशियों का फैसला फिर अटका

देहरादून
हमारे संवाददाता

सीईसी की बैठक में हरिद्वार, गढ़वाल, टिहरी, अल्मोड़ा व नैनीताल लोकसभा सीट से प्रत्याशियों की घोषणा हो सकती है। लेकिन प्रत्याशियों के नामों पर निर्णय नहीं हो पाया है।

कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में उत्तराखंड की पांच सीटों पर प्रत्याशियों का फैसला नहीं हो पाया है। सोमवार को नई दिल्ली में देर रात तक केंद्रीय चुनाव समिति में प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा हुई। सभी सीटों पर प्रत्याशियों का फैसला अटका हुआ है। 15 मार्च को दोबारा से सीईसी की बैठक बुलाई गई है। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, अंबिका सोनी, स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भगत चरण दास, प्रदेश प्रभारी शैलजा




कुमारी ने उत्तराखंड की पांच सीटों पर प्रत्याशियों के नाम पर मंथन किया। जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, सीईसी के सदस्य एवं विधायक प्रीतम सिंह मौजूद रहे। माना जा रहा था कि सीईसी की बैठक में हरिद्वार, गढ़वाल, टिहरी, अल्मोड़ा व नैनीताल लोकसभा सीट से प्रत्याशियों की घोषणा हो सकती है। लेकिन प्रत्याशियों के नामों पर निर्णय नहीं हो पाया है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक उत्तराखंड समेत गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली की लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों को लेकर केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक बुलाई गई थी। जिसमें प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा की गई। लेकिन प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गई।

15 मार्च को फिर से सीईसी की बैठक होगी। जिसमें प्रत्याशियों की घोषणा हो सकती है। उधर, टिकट के दावेदारों ने भी दिल्ली में डेरा डाल रखा है। दावेदार शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर टिकट की पैरवी कर रहे हैं।

# महिला सशक्तिकरण के तहत व्याख्यान का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के महिला अध्ययन केंद्र में बीते दो मार्च से चल रहे महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों का सोमवार को विधिवत समापन हो गया।

समापन सत्र के तहत पहले सत्र में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमें भारत उत्थान भारत उत्थान न्यास के केंद्रीय अध्यक्ष सुजीत कुंतल ने भारत की पुनरुउत्थान में महिलाओं की भूमिका विषय पर व्याख्यान दिया, जिसमें उनकी ओर से विभिन्न युगों में महिलाओं की स्थिति को लेते हुए 21वीं सदी में महिलाओं की बहुमुखी भूमिका पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला गया और बताया गया कि किस प्रकार से महिलाएं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय क्षितिज में भारत का नाम कर रही हैं। बतौर मुख्य अतिथि एमएएन वैल्यू फाउंडेशन जयपुर (राजस्थान) के अध्यक्ष डॉ. मनीष सिंह के द्वारा वर्चुअल आधार पर संगोष्ठी को संबोधित किया गया। उन्होंने महिला अध्ययन केंद्र के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि वह भविष्य में भी इस तरह की कार्यक्रमों में अपना सहयोग देंगे। संचालन पंकज सिंह नेगी ने किया। इस मौके पर भारतीय सैनिक विद्यालय, राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ , एमएल साह बालिका विद्या मंदिर, बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स कुमाऊं यूनिवर्सिटी नैनीताल, राजेंद्र प्रसाद लॉ कॉलेज और डीएसबी परिसर नैनीताल के विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभायी,साथ ही समाज की विविध क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं ने भी शिरकत की।



समारोह के दूसरे सत्र में बतौर मुख्य अतिथि कुमाऊँ विवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत द्वारा सभी को अपने महत्वपूर्ण व्याख्यान से मार्गदर्शन दिया, इससे पूर्व महिला अध्ययन केंद्र की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा के द्वारा सभी का स्वागत किया। प्रो.बोरा ने बताया कि किस प्रकार से महिला अध्ययन केंद्र वर्ष 2011 से निरंतर महिला सशक्तिकरण और बालिका विकास के लिए कार्य कर रहा है। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। समारोह में अंग्रेजी निबंध प्रतियोगिता में पूजा मिश्रा ने प्रथम,इशिता ने द्वितीय व गौरव पांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया,हिंदी

माध्यम की निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीक्षा पांडे,द्वितीय दिव्या पांडे व तृतीय स्थान सुहानी जोशी ने प्राप्त किया। स्कूल स्तर पर ऐपण प्रतियोगिता के अंतर्गत बालिका विद्या मंदिर की छात्रा कविता भट्ट ने प्रथम,भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की अंजलि फर्त्याल ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ की छात्रा रक्षित आर्य ने हासिल किया। विश्वविद्यालय स्तर अल्पना प्रतियोगिता में अंकित ने प्रथम, दिव्या ने द्वितीय व किरण ने तृतीय,वेस्ट मैटेरियल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ ने प्रथम व बालिका विद्या मंदिर ने द्वितीय व राष्ट्रीय सैनिक स्मारक विद्यापीठ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महिला अध्ययन केंद्र ने निरंतर समाज के विविध क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित किया, जिसमें ऑल इंडिया वुमेन कॉन्फ्रेंस की अध्यक्ष व वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी मुन्नी तिवारी, कुमाऊँ विवि के भीमताल परिसर की भैषज विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका प्रो. अर्चना नेगी शाह, समाजसेवी विजय लक्ष्मी थापा, कुविवि प्रशासनिक भवन की पार्वती तथा प्रो. किरण बर्गली शामिल रही। इन सभी मातृ शक्तियों को कुलपति प्रो. डीएस रावत ने सम्मानित किया।

## विवि चिकित्सालय के ठेका कर्मियों ने किया कार्यबहिष्कार

**पंतनगर।** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि में कार्यरत करीब तीन हजार ठेका कर्मचारियों को बीते दो माह (जनवरी-फरवरी) का वेतन नहीं मिला है। इस पर सोमवार को विवि चिकित्सालय के सभी इमरजेंसी और ओपीडी ठेका कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर अस्पताल के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। इसके चलते मरीजों को परेशानी हुई। करीब तीन घंटे चले कार्य बहिष्कार के बाद चिकित्सालय प्रभारी के मंगलवार तक वेतन भुगतान के आश्वासन पर ठेका कर्मी काम पर लौट गए। उन्होंने चेताया यदि मंगलवार को वेतन नहीं मिला तो बुधवार से पूरी तरह काम बंद कर दिया जाएगा। बताया कि उन्हें करीब आठ हजार वेतन मिलता है। वह भी समय से न मिलने के कारण घर चलाने में बहुत दिक्कत आती है और बच्चों की फीस आदि भी समय पर जमा नहीं हो पाती। धरने में सत्येंद्र मिश्रा, राजेंद्र चिंडालिया, राजू कार्की, बेबी तबस्सुम आदि मौजूद थे।



## निविदा खोली, मेट्रोपोल पार्किंग के संचालन रचना साह को दिया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सोमवार को पालिका में ईओ राहुल आनंद, मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा व लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रत्ननेश सक्सेना व गठित टीम के नेतृत्व में मेट्रोपोल पार्किंग की निविदा खोली गई जिसके लिए ठाकुर जी इंटरप्राइजेज, रचना साह, विमल बिष्ट व हिमांशु जोशी द्वारा आवेदन किया गया था। जिसमें तकनीकी निविदा में विमल बिष्ट व हिमांशु जोशी के आवेदन सफल नहीं पाए गए,वही फाइनेंशियल बिट में ठाकुर इंटरप्राइजेज द्वारा 40 लाख पांच हजार व रचना साह द्वारा 40 लाख 11 हजार रुपये की निविदा डाली गई थी। जिसके बाद अगले एल साल के लिए मेट्रोपोल पार्किंग के संचालन रचना साह को दिया गया। बता दें कि नगर पालिका की ओर से फ रवरी पहले सप्ताह में डीएसए फ्लैट्स पार्किंग ठेके को लेकर निविदा आमंत्रित की थी जिसमें लेक ब्रिज चुंगी के लिए 2.15 करोड़ न्यूनतम धरोहर राशि निर्धारित की गई थी लेकिन कोई टैंडर नही आने से दूसरी बार पालिका ने बेस प्राइज में 10 प्रतिशत की कटौती कर निविदा जारी की थी लेकिन दूसरी व अब तीसरी बार भी पार्किंग के लिए किसी के द्वारा आवेदन नहीं किया गया।

## पूर्व के आदेश का पालन नहीं करने के खिलाफ दायर अवमानना पर सुनवाई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने पूर्व के आदेश का पालन नहीं करने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने अगली सुनवाई 18 मार्च (सोमवार) की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार हल्द्वानी चोरगलिया निवासी भुवन चन्द्र पोखरिया ने अवमानना याचिका दायर कर कहा है कि उत्तराखंड में वर्षात के समय नदियां उफान में रहती है। नदियों के मुहाने अवरुद्ध होने के कारण बाढ़ व भू-कटाव होता है जिसके चलते आबादी क्षेत्र मे जलभराव होता है। नदियों के उफान पर होने के कारण हजारों हैक्टेयर वन भूमि तथा पेड व सरकारी योजनाएं बह जाती हैं। नदियों का चैनलाइजेशन नहीं होने पर नदियां अपना रुख आबादी की तरफ कर कर देती हैं जिसकी वजह से उधम सिंह नगर, हरिद्वार तथा हल्द्वानी, रामनगर,रुडक़ी तथा देहरादून में बाढ़ की स्थिति उतपन्न हो जाती है। पिछले साल बारिश से कई पुल बह गए थे। आबादी क्षेत्रों में बाढ़ आने का मुख्य कारण सरकार की लापरवाही है। सरकार ने नदियों के मुहानों पर जमा गादए बोल्डर तथा मलुबा को नहीं हटाना है। अवमानना याचिका में कहा गया कि सरकार ने उच्च न्यायलय के आदेश दिनांक 14 फरवरी 2023 का पालन नहीं किया गया जिसकी वजह से प्रदेश में बाढ़ जैसी स्थिति उतपन्न हुई है और सरकार को एक हजार करोड़ रुपया का नुकसान बाढ व आपदा से हुआ है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि राज्य सरकार सम्बंधित विभागों को साथ लेकर नदियों से गाद समेत मलुवा व बोल्डर हटाकर उन्हें चैनलाइजेशन करे ताकि बरसात में नदियों का पानी बिना रूकावट के बह सके लेकिन अभी तक सरकार ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया जब कि कुछ महीनों के बाद वर्षात का सीजन शुरू हो जाएगा। अवमानना याचिका में जिलाधिकारी नैनीताल व जिलाधिकारी हरिद्वार को पक्षकार बनाया गया है।

## NEWS / फटाफट

### निधन पर शोक जताया

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लाक कार्यालय के वाहन चालक महेंद्र सिंह सुयाल (57) जो कि वर्तमान में जिलाधिकारी कार्यालय नैनीताल में वाहन चालक के रुप में कार्यरत थे का सोमवार की सुबह उनके पैतृक गांव मेहरखोला ताकुला बसौली में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। बता दें सुयाल अपने पीछे माता किशनी देवी,पत्नी पुष्पा सुयाल समेत पुत्र जगदीश सुयाल व विवाहित पुत्री कविता का भरा पूरा छोड़ गए हैं। उनके निधन पर उनके परिजनों,शुभचिंतकों समेत जिले के विभिन्न महकमों में तैनात राजकीय वाहन चालकों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

### गोमाता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए निकाली जनाक्रोश रैली

**उत्तरकाशी/चिन्यालीसौड़।** भारतीय गौ क्रांति मंच उत्तरकाशी शाखा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा गया है, जिसमें संसद में प्रस्ताव पारित कर गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग की गई है। वहीं चिन्यालीसौड़ में भी गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर जनाक्रोश रैली निकाली गई। भारतीय गौ क्रांति मंच की उत्तरकाशी शाखा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर भट्ट की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक गाय को राष्ट्रमाता घोषित नहीं किया जाता तब तक सड़कों पर लड़ाई जारी रहेगी। बैठक के बाद डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस मौके पर प्रताप रावत, शिव प्रसाद सेमवाल, डॉ. राधेश्याम खंडूड़ी, राजेंद्र सिंह रावत, प्रेम सिंह पंवार, देवी प्रसाद सेमवाल, नारायण सिंह नेगी, नत्थी सिंह रावत आदि रहे। वहीं चिन्यालीसौड़ स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने भी गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर बाजार में जनाक्रोश रैली निकाली। इस मौके पर शूरवीर रांगड़, कृष्णानंद नौटियाल, कमला नौटियाल, लीला रावत, सुधा सेमल्टी, शैला गैरोला, कविता मेहरा, जशोदा, अनुपम आदि मौजूद रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## गन्ना आयुक्त ने मिलों को किसानों का गन्ना भुगतान जल्द करने के दिए निर्देश

**काशीपुर**

हमारे संवाददाता

गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग आयुक्त सभागार में विभागीय कार्यों की समीक्षा की बैठक की गई। जिसमें कम गन्ना पैदावार होने वाले क्षेत्रों में किसानों के लिए गोष्ठी कराने और मिलों को किसानों का भुगतान करने के निर्देश दिए गए।

सोमवार को गन्ना आयुक्त चंद्र सिंह धर्मशक्तू की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में बसंतकालीन गन्ना बुवाई कार्य की प्रगति, जोनवार आवंटित गन्ना बीज की उपलब्धता और उठान की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी सहायक गन्ना आयुक्तों को गन्ना बुवाई के लक्ष्य की पूरा कराए जाने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने विभाग में चल रहे गन्ना बीज बदलाव कार्यक्रम की प्रगति और कार्यक्रम की वित्तीय एवं भौतिक



प्रगति की भी समीक्षा की। वहीं पेराई सत्र 2023-24 में चीनी मिलों को समिति की ओर से आपूर्ति गन्ना के सापेक्ष गन्ना मूल्य भुगतान समीक्षा करने के बाद जल्द से जल्द किसानों को बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान करने के निर्देश दिए। साथ ही उत्पादित चीनी के सापेक्ष गन्ना मूल्य भुगतान, चीनी उत्पादन, चीनी परता की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। गन्ना आयुक्त चंद्र सिंह धर्मशक्तू ने कहा कि गन्ना कृषकों के मध्य व्यापक गोष्ठियां आयोजित की जानी चाहिए। वहां अपर आयुक्त चंद्र सिंह इमलाल, नीलेश कुमार व जिला हरिद्वार, देहरादून के सहायक गन्ना आयुक्त, विभागीय अधिकारी एवं चीनी मिलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## कोर्ट ने 18 वर्षीय लड़की के अपहरण के आरोपी को किया बरी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उच्च न्यायालय ने 18 वर्षीय लड़की के अपहरण के एक आरोपी को बरी करते हुए कहा कि आईपीसी की धारा 363 के तहत अपराध केवल तभी माना जाएगा, जब लड़की अवयस्क हो और उसे उसकी इच्छा के विरुद्ध कानूनी अभिभावक से छीन लिया गया हो। 2010 में हरिद्वार निवासी एक व्यक्ति ने अश्विनी कुमार नाम के व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। लड़की कुमार की बड़ी बहन से ट्यूशन पढ़ने के लिए उसके घर आती थी। मेडिकल रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि लड़की के साथ बलात्कार नहीं हुआ था। बताया कि लड़की आरोपित कुमार के साथ मोटरसाइकिल पर रूड़की से हरिद्वार गई थी। पिता की शिकायत पर आईपीसी की धारा 363, 366ए, 368, और 506 के तहत एफआईआर दर्ज की गई और अगले दिन उसे बरामद कर लिया गया। बाद में एफआईआर में आईपीसी की धारा 376भी जोड़ी गई। कोर्ट ने पाया कि पीड़िता की आयु 18 वर्ष से अधिक थीम

न्यायालय ने कहा कि अगर बलात्कार का अपराध नहीं बनता है, तो आईपीसी की धारा 366 ए के तहत अपराध नहीं बनाया जा सकता है। आईपीसी की धारा 368 के तहत भी अपराध नहीं बनता है। हाई कोर्ट ने अपहरण के लिए आरोपी को तीन साल की कैद की सजा देने के ट्रायल कोर्ट के फैसले को रद कर दिया।

# अभिमत

## बेरोजगारी और शिक्षा

*व्यक्तित्व विकास और अंग्रेजी सीखने में कमी के लिए युवा जिम्मेदार नहीं हैं। विश्वविद्यालय के उच्च वेतन प्राप्त गुरुजन आत्मावलोकन करें। प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों के गुरुजन को वेतनभोगी कर्मचारी की तरह काम नहीं करना चाहिए। राज्य सरकार विश्वविद्यालय में व्यावसायिक कोर्स बंद नहीं करे, बल्कि कथित वेतनभोगी गुरुजनों की जिम्मेदारी निर्धारित करे। व्यक्तित्व विकास और अंग्रेजी भाषा में पारंगत करने का दायित्व गुरुजन को सौंपा जाये। कोर्स बंद करने के बाद गुरुजन को किसी अन्य विभाग में समायोजित कर दिया जायेगा। यदि गुरुजनों की नौकरी दांव पर होगी तो वह पढ़ाने के प्रति गंभीरता दिखायेंगे।*

शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ नौकरी पाना नहीं है। शिक्षित व्यक्ति से संस्कारवान, चरित्रवान और समाज को दिशा देने की उम्मीद की जाती है। तकनीकी और रोजगारपरक शिक्षा के बाद रोजगार मिलने की एक तरह से गारंटी होती है। उत्तराखंड में कुछ वर्षों से शिक्षित बेरोजगार युवाओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। रोजगार के लिए भटक रहे युवा अशिक्षितों की तरह मजदूरी करने को बाध्य हैं। नल जल मित्र के तौर पर प्लम्बर पद के लिए आवेदन करने वालों में पॉलीटेक्निक डिप्लोमा प्राप्त और स्नातक युवा शामिल हैं। अमूमन बिना पढ़े-लिखे लोग प्लम्बर का काम करते हैं। उधर कुमाऊं विश्वविद्यालय में 60 व्यावसायिक कोर्स संचालित होते हैं। शुरूआत में रोजगारपरक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए युवाओं ने उत्साह दिखाया, परन्तु कोर्स करने के बाद प्लेसमेंट नहीं होने पर मोहभंग हो गया। हालत इस कदर बदतर है कि वर्तमान सत्र में एमबीए टूरिज्म में तीन और होटल मैनेजमेंट में चार विद्यार्थी हैं। करीब-करीब यही हाल अन्य व्यावसायिक कोर्स का है। विश्वविद्यालय कुछ कोर्स को बंद करने पर विचार कर रहा है। प्लेसमेंट नहीं मिलने के लिए युवाओं को ही दोषी ठहराया जा रहा है। पर्यटन उद्योग से जुड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनी के प्रबंधक ने कहा कि युवाओं के व्यक्तित्व विकास और अंग्रेजी सीखने पर जोर नहीं दिया गया, इसलिए प्लेसमेंट नहीं हो रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि कुमाऊं विश्वविद्यालय को देश की प्रमुख यूनिवर्सिटी की सूची में बताकर गौरवान्वित होने के दावे किये जाते रहे हैं। पर्यटन और होटल मैनेजमेंट में प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार की गारंटी होनी चाहिए, क्योंकि उत्तराखंड पर्यटन राज्य है। रोजगारपरक और तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं को प्लेसमेंट नहीं मिलने पर स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। व्यक्तित्व विकास और अंग्रेजी सीखने में कमी के लिए युवा जिम्मेदार नहीं हैं। विश्वविद्यालय के उच्च वेतन प्राप्त गुरुजन आत्मावलोकन करें। प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों के गुरुजन को वेतनभोगी कर्मचारी की तरह काम नहीं करना चाहिए। राज्य सरकार विश्वविद्यालय में व्यावसायिक कोर्स बंद नहीं करे, बल्कि कथित वेतनभोगी गुरुजनों की जिम्मेदारी निर्धारित करे। व्यक्तित्व विकास और अंग्रेजी भाषा में पारंगत करने का दायित्व गुरुजन को सौंपा जाये। कोर्स बंद करने के बाद गुरुजन को किसी अन्य विभाग में समायोजित कर दिया जायेगा। यदि गुरुजनों की नौकरी दांव पर होगी तो वह पढ़ाने के प्रति गंभीरता दिखायेंगे। देश के बहुत से विश्वविद्यालय डिग्री के नाम पर कागज बांटने, बेरोजगारों की फौज तैयार करने वाले साबित हो रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुछ गुरुजन सक्रिय राजनीति में हिस्सा ले रहे हैं, ऐसे महानुभाव से पढ़ाने के प्रति गंभीर होने की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

# गहरी खाई में गिरा पिकअप, एक की मौत और सात घायल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



भीमताल में सोमवार रात आठ बजे एक पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया, हादसे में एक युवक की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। गंभीर चार घायलों को एसटीएच भेज दिया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

भीमताल के धारी ब्लॉक के पलड़ा में सोमवार रात आठ बजे एक पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। पुलिस ने खाई में गिरे लोगों को निकाला। हादसे में एक युवक की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। गंभीर चार घायलों को एसटीएच भेज दिया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिकअप में सवार लोग हल्द्वानी से शादी का सामान लेकर हरीनगर सरना जा रहे थे। घायलों के अनुसार कच्ची और संकरी सड़क के कारण संतुलन बिगड़ने से हादसा हुआ।

क्षेत्र निवासी पप्पू बेलवाल ने बताया कि पिकअप हल्द्वानी से हरीनगर सरना जा रही थी। सोमवार रात आठ बजे पिकअप गांव से एक किलोमीटर पहले पलड़ा पहुंची थी कि अचानक वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया है। काफी मशक्कत के बाद करीब डेढ़ घंटे में सभी आठ लोगों को करीब 100 फीट खाई से निकालकर सड़क तक लाया गया।

ग्रामीणों ने निजी वाहनों से आठ घायलों को पदमपुरी सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने दीवान राम (52) निवासी लमगड़ा अल्मोड़ा को मृत घोषित कर दिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस और एबुलेंस के समय से नहीं पहुंचने से घायलों को निजी वाहनों से अस्पताल पहुंचाया गया। भवाली-भीमताल सीओ सुमित पांडे का कहना है कि पुलिस के देर से पहुंचने का आरोप गलत है। पुलिस ने समय से पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाया। इस दौरान मुक्तेश्वर थानाध्यक्ष कमित जोशी आदि मौजूद रहे। इधर, पदमपुरी सीएचसी के डॉ. सुष्मित ह्यांकी का कहना है कि घायल आठ लोगों में चार को हल्द्वानी रेफर किया है। इनमें दो की हालत गंभीर है।

**दुःखद**

- शादी का सामान लेकर जा रहे थे लोग

## भवन में वेल्डिंग के दौरान गिरने से मजदूर चोटिल

**नैनीताल।** नगर समीपवर्ती पंगोट क्षेत्र में निर्माणाधीन भवन में वेल्डिंग करने के दौरान वेल्डर 20 फीट ऊंची सीढ़ी से असंतुलित होकर जमीन पर गिर गया जिससे वह बुरी तरह चोटिल हो गया। लहुलूहान अवस्था में मजदूर उसे लेकर नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचे,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफ र कर दिया। जानकारी के मुताबिक मूल रुप से बिजनौर निवासी फ ईम (24) वेल्डिंग का कार्य करता है। सोमवार को वह पंगोट क्षेत्र के एक निर्माणाधीन भवन में वेल्डिंग कर रहा था। इसी बीच अचानक सीढ़ी से असंतुलित होकर वह 20 फीट नीचे जमीन पर आ गिरा जिससे भवन में कार्य कर रहे मजदूरों में भी चीख पुकार मच गई। अन्य मजदूर उसे बीडी पांडे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार दिया। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. वी.के. मिश्रा ने बताया कि मरीज के सीने व सिर पर अंदरुनी चोट है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# क्यूरी प्रोजेक्ट के तत्वावधान में महिला दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी में संचालित क्यूरी प्रोजेक्ट के तत्वावधान में महिला दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय इंवेस्ट इन वूमेन- एक्सीलरेट प्रोग्रेस था।

जिसमें कविता, पोस्टर प्रतियोगिता, एवं पीपीटीद्वारा विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कविता प्रतियोगिता में प्रियांशी प्रथम , आयुषी द्वितीय तथा नंदिनी शर्मा तृतीय स्थान पर रही ।पोस्टर प्रतियोगिता में ज्योति भट्ट ने प्रथम ,सिमरन कांडपाल ने द्वितीय एवं आयुषी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पीश्पीश्टी प्रेजेंटेशन में तमन्ना भट्ट,प्रतिभा हरबोला,पूजा राना क्रमश ऱ्प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रही । इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि छात्राएं नैतिकता का पालन करते हुए हर दिशा में अपना वर्चस्व बनाए रखें, साथ ही इस कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु रसायन विभाग ,भौतिक विभाग एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के प्राध्यापको को शुभकामनाएं दी। अंत में क्यूरी प्रोजेक्ट की नोडल अधिकारी डॉक्टर तनुजा बिष्ट द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर सभी छात्राएं, प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## अजय देवगन की शैतान को लगा झटका, लापता लेडीज लगातार चर्चा में



*सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में लगी हुई हैं, जो दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। इस समय सिनेमाघरों में लापता लेडीज, आर्टिकल 370, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया प्रदर्शित हो रही हैं। वहीं, हाल ही में रिलीज हुई अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म शैतान दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। फिल्म पहले दिन से जबर्दस्त कमाई कर रही है। वहीं, कुछ दिनों पहले रिलीज हुई लापता लेडीज टिकट खिड़की पर उम्मीद के मुताबिक कमाल नहीं दिखा सकी। वहीं, आर्टिकल 370 लोगों के दिलों को जीतने में कामयाब रही है। अजय देवगन की फिल्म शैतान पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वीकएंड पर इसकी कमाई में और ज्यादा इजाफा आया है। विकास बहल के निर्देशन में बनी यह फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस के पहले मंडे टेस्ट में फेल हो गई है। फिल्म का कलेक्शन रविवार के मुकाबले सोमवार को काफी कम रहा है। अजय देवगन के अलावा आर माधवन और ज्योतिका भी अहम भूमिका में नजर आई हैं। इसने रविवार को करीब 20.50 करोड़ कमाए थे। वहीं, सोमवार को यानी चौथे दिन फिल्म ने 7 करोड़ रुपये की कमाई की है।*

### लापता लेडीज

*किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज एक मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। शुरुआत से ही ये फिल्म लगातार चर्चा में छाई रही है। हालांकि, लापता लेडीज दर्शकों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाई है। फिल्म के विषय और कहानी की खूब तारीफ हो रही है। मगर कमाई के मामले में यह फिल्म सुस्त चाल चल रही है। सोमवार यानी 11वें दिन लापता लेडीज ने महज 21 लाख रुपये की कमाई की है। इसी के साथ ही फिल्म का टोटल कलेक्शन 8.96 करोड़ रुपये हो गया है।*

# फ्रेंच ओपन में अल्मोड़ा के लक्ष्य ने जीता कांस्य पदक

**अल्मोड़ा**

हमारे संवाददाता

नगर के तिलकपुर निवासी शटलर लक्ष्य सेन ने एचएसबीसीबीडब्लूएफ सुपर 750 फ्रेंच ओपन में कांस्य पदक जीता है। पांच से दस मार्च तक फ्रांस के पेरिस में हुई प्रतियोगिता में उन्होंने ये उपलब्धि हासिल की।

उत्तरांचल स्टेट बैडमिंटन एसोसिएशन सचिव बीएस मनकोटी ने बताया कि लक्ष्य ने बेहतर प्रदर्शन कर उच्च रैंकिंग प्राप्त खिलाड़ियों को पराजित कर सेमीफाइनल में स्थान बनाया। उन्होंने अपने पहले मैच में जापान के केंटा सुनेयामा को 15-21, 21-15, 21-3 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। प्री-क्वार्टर फाइनल में चीन के ली श्री फेंग को 16-21, 21-15, 21-13 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने सिंगापुर के लोह कीन यू को 19-21, 21-13, 21-11 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

सेमीफाइनल में उन्हें विश्व बैडमिंटन चैंपियन थाईलैंड के कुनालवत टिविदरशन से 20-22, 21-13 21-11 से पराजित होना पड़ा और कांस्य पदक पर संतोष करना पड़ा। लक्ष्य सेन अपने इस पदक से एक रैंक हासिल कर विश्व नं 16 में पहुंच गए हैं। उनकी उपलब्धि पर बैडमिंटन संघ उत्तराखंड के चीफ पैटर्न अशोक कुमार, अध्यक्ष डॉ. अलकनंदा अशोक, कोषाध्यक्ष राम अवतार, बैडमिंटन संघ अल्मोड़ा के अध्यक्ष प्रशांत जोशी, समेत कई लोगों ने खुशी जताई है।

# मां नयना देवी मंदिर सभागार में होली को लेकर संयुक्त बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में होली की संयुक्त बैठक का आयोजन मां नयना देवी मंदिर सभागार में हुआ। बैठक में तय किया गया कि 20 मार्च (एकादशी) से नयना देवी प्रांगण से कार्यक्रमों का आगाज होगा। बता दें कि युगमंच की पहल पर श्री मां नयना देवी अमर उदय ट्रस्ट, नैनीताल समाचार,श्री राम सेवक सभा एवं सहयोगी संगठनों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित कर होली में होने वाले विभिन्न आयोजनों को अंतिम रूप दिया गया। सर्वप्रथम एकादशी यानी 20 मार्च को मां नयना देवी मंदिर से रंग पड़ने के साथ सबसे पहले खड़ी होली के साथ आयोजन प्रारंभ होगा, इसी के साथ मंदिर परिसर में महिलाओं द्वारा होली गायन



किया जाएगा। दोपहर में श्री राम सेवक सभा प्रांगण में स्कूली बच्चों के द्वारा होली गायन प्रस्तुत किया जाएगा साथ ही युग मंच की पहल पर महिला दलों द्वारा होली एवं स्वांग प्रस्तुत किए जाएंगे। 21 मार्च को शारदा संघ में शाम 6 बजे से बैठकी होली, 23 मार्च को 12 बजे से नैनीताल समाचार में बैठ होली आयोजित की जायेगी। उसके बाद 26 मार्च को छलडी के दिन सुबह 10.30 बजे से होली जुलूस निकाला जाएगा।बैठक में जहूर आलम, राजीव लोचन साह,नवीन बेगाना,डा. विजय कृष्ण, घनश्याम लाल शाह, मंजू रौतेला, हेमंत कुमार शाह, प्रदीप कुमार शाह, डीके शर्मा, डा. हिमांशु पांडे, बसन्त बल्लभ पांडे, गणेश बहुगुणा, चंद्रशेखर तिवारी, मोहन जोशी, भुवन चन्द्र कांडपाल, मनोज कुमार, भास्कर बिष्ट, मुन्नी बनो सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि व रंगकर्मी मौजूद रहे।

## होली गायन कार्यशाला का आयोजन

**नैनीताल ।** नगर की प्राचीन साँस्कृतिक संस्था नव सांस्कृतिक सत्संग समिति शेर का डांडा द्वारा अबकी बार चार चरणों में होली महोत्सव आयोजित कराया जाएगा। समिति के अध्यक्ष खुशाल सिंह रावत के नेतृत्व में प्रथम चरण में शिवरात्रि से होली गायन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। अगले चरण में 23 मार्च (शनिवार) को पहले स्कूल के बच्चों की प्रस्तुतियां होंगी,उसके पश्चात सात नम्बर स्थित रामलीला प्रांगण में महिलाओं द्वारा होली गायन प्रस्तुत किया जाएगा। समिति के सचिव पी. सी. पांडे ने बताया कि अंतिम चरण में शाम को पुरुषों की बैठक होली आयोजित होगी जो विगत वर्षों की भांति देर रात्रि तक चलेगी। समिति के कोषाध्यक्ष विनोद सनवाल ने बताया कि होली गायन में युवा पीढ़ी को जोड़ने के उद्देश से समस्त प्रतिभागियों को एवं उनके प्रभारियों को व्यक्तिगत रूप से प्रतीक चिन्ह प्रदान करते हुए विद्यालयों को भी सम्मानित किया जाएगा।
होली महोत्सव के सफ ल आयोजन हेतु महेश चंद्र तिवारी, उमेश सनवाल, कैलाश जोशी, मनोज पांडे, वीरेंद्र जोशी, हिम्मत सिंह, संतोष पंत, ललित मोहन पांडे, दीपक जोशी, दीपक पांडे, इन्द्र सिंह रावत, पंकज वर्मा तथा डा. हिमांशु पांडे आदि के नेतृत्व मे विभिन्न उप समितियों का गठन कर आयोजन को अंतिम रूप दिया गया।

## News कॉर्नर

### बागेश्वर बी ने धारचूला को हराया

**अल्मोड़ा।** हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में स्पेशल कंपोनेंट प्लान के तहत अनुसूचित जाति के बालकों की ओपन वर्ग की मंडल स्तरीय दो दिनी वालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। सोमवार को बागेश्वर बी और धारचूला के बीच पहला मैच खेला गया। बागेश्वर बी ने 25-23, 25-17 से मैच जीत लिया। जिला क्रीड़ा अधिकारी अरुण बनग्याल ने बताया कि प्रतियोगिता के मैच लीग मुकाबले के आधार पर खेले जाएंगे। अंकित सिंह, पंकज कुमार, मोहित सिंह, राहुल, कविता निर्णायक रहे। प्रतियोगिता में कुल सात टीमों ने प्रतिभाग किया। वहां पर मुख्य अतिथि द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता लियाकत अली खान, जीवन प्रकाश, कृष्णा कुमार, योगेश कुमार आदि थे।

### पंपिंग शुरू, 18 घंटे बाद नलों में आया पानी

**अल्मोड़ा।** नगर की प्यास बुझाने वाली कोसी मटेला पंपिंग योजना के पंप हाउस के बिजली घर का फुंका हुआ पैनल 18 घंटे बाद दुरुस्त कर लिया गया है। योजना से जलाशयों को पंपिंग हुई। बावजूद इसके नगर के कई मोहल्लों में सोमवार को भी पानी नहीं मिला। इधर, जल संस्थान का दावा है कि मंगलवार से सभी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बहाल हो जाएगी। शनिवार देर रात मटेला पंप हाउस के बिजली घर का पैनल शार्ट सर्किट से फुंक गया। इससे रविवार को सभी जलाशयों के लिए पंपिंग ठप रही। जल संस्थान ने एनटीडी स्थित हेलेट जलाशय में स्टोर किए पानी से अधिकतर मोहल्लों में आपूर्ति बहाल की। रविवार की सुबह से देर शाम तक बिजलीघर के जले पैनल का सुधारीकरण कार्य किया गया। रात नौ बजे पैनल दुरुस्त हो गया। बिजली आपूर्ति बहाल होने से जिला मुख्यालय के सभी जलाशयों को पंपिंग हुई।

# ट्रॉली से टकराई कार, दो की मौत और चार घायल

यूएस नगर

हमारे संवाददाता

बदायूं से बरात में शामिल होकर लौट रहे युवकों की कार रामपुर के शाहबाद में सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में दो लोगों की मौत जबकि चार लोग घायल हो गए। बदायूं से बरात में शामिल होकर लौट रहे युवकों की कार सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली से टकरा गई थी।

जानकारी के अनुसार हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि चार युवक घायल हो गए। मृतकों का रामपुर में पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को वार्ड नंबर 24 रामपुर निवासी प्रेम की बरात ग्राम दौलतपुर बिसौली बदायूं गई थी। बरात में कई लोग निजी वाहनों से गए थे। बरात से शामिल होकर लौट रहे लोगों की कार रामपुर



जिले के शाहबाद में सड़क किनारे ट्रॉली से टकरा गई। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने बताया कि रात दो बजे के आसपास हादसा हुआ था। हादसे में रवि कोली (30) और पप्पू कोली (35) निवासी वार्ड 24 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रोशन, शंकर कोली, ओमप्रकाश कोली और गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया की दोनों मृतक शादीशुदा है। मृतक रवि अपना काम करता था जबकि पप्पू बाजार में किसी दुकान में काम करता था। हादसे के बाद मोहल्ले में शोक का माहौल है। शादी की खुशियां भी दुख में बदल गई है। दोपहर बाद दोनों शव पोस्टमार्टम के बाद रुद्रपुर पहुंचेंगे।

# अलग-अलग जगह से चाकू सहित दो युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पुलिस ने अलग अलग चौकी क्षेत्र से गश्त के दौरान दो युवकों को चाकू सहित गिरफ्तार किया है हीरानगर चौकी पुलिस देर रात जेल रोड पर चैकिंग कर रही थी तभी पुलिस को जेल रोड चौराहे पर एक युवक अंधेरे में खड़ा दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने लगा पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उसकी जिसके पास से एक चाकू बरामद हुआ पकड़े गए युवक ने अपना नामके दौरान एक अदद चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।

उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। जी आर पी पुलिस लाल कुआं प्लेटफार्म पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध हालत में स्टेशन की बेंच पर युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में बैठा दिखाई दिया। जो पुलिस को देखकर सकपका गया । जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली तलाशी लेने पर उसके पास से चाकू बरामद हुआ। पकड़े गए युवक ने अपना नाम धर्मेंद्र पुत्र मुन्नालाल निवासी पंचशील कॉलोनी पीली कोठी मुखानी बताया उधर मेडिकल चौकी पुलिस दादी स्कूल रोड पर जब बीती देर शाम बरेली रोड स्थित मोर्चरी के पास गश्त कर रहे थे वहीं पुलिस को एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया जब पुलिस ने उसे रोककर उससे पूछताछ की तो वह सकपका गया पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से भी एक चाकू बरामद हुआ आरोपी ने पुलिस को अपना नाम मोहम्मद रिजवान पुत्र मोहम्मद इश्तियाक वारसी कॉलोनी जवाहर नगर बताया है पुलिस ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

# कार्यशाला में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के छात्राओं के उज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्यरत ऑल सेंट्स कॉलेज में सोमवार को दिल्ली की प्राइमरी प्लस मीडिया संस्था द्वारा इनक्रेडिबल इंडिया कार्यशाला में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बता दें कि प्रतियोगिता में कक्षा 2 से 6 तक के सभी बच्चों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरे। चित्रकारी के लिए छात्राओं को संस्था द्वारा विषय भी दिए गए थे। बच्चों ने फ रॉरेस्ट एंड इनोवेशन न्यू सॉल्यूशन फ ॉर ए बैटर वर्ल्ड और बर्ड्स ऑफ द हिल्स विषय पर चित्रकारी कर अपने रचनात्मक गुरों का परिचय दिया। प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि भले ही सबसे अच्छे चित्रों को पुरस्कृत किया जाएगा लेकिन सभी बच्चों के चित्रों को इनक्रेडिबल इंडिया वेब पोर्टल पर डाला जाएगा जिससे वह और उनके परिजन अपने जीवन में कभी भी और कहीं भी इन चित्रों को देख सकते हैं। तीन दिनों तक चलने वाली इस कार्यशाला के अंतर्गत मंगलवार (आज) कक्षा 7 से 12 तक की छात्राएं जहां इंग्लिश क्रिएटिव प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी वहीं कक्षा 2 से 6 तक के बच्चे मल्टीपल इंटेलिजेंस कैंप में अनेकानेक गतिविधियों में प्रतिभाग कर कई नए गुणों से परिचित होकर मनोरंजक तरीके से नई नई क्रियाएं सीखेंगी।

कार्यशाला के तीसरे दिन यानी बुधवार को कक्षा 7 से 12 तक की छात्राएं मल्टीपल इंटेलिजेंस कैंप में प्रतिभाग कर अपने समावेशी विकास की ओर अग्रसर होंगी। प्रतियोगिता के दौरान ऑल सेंट्स की शिक्षकाओं सहित प्राइमरी प्लस मीडिया के मनबीर बेदी, आंचल मल्होत्रा, रेनू सिंह तथा सुनीता व नरेश झावर मौजूद रहे।

### पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने वाहनों की तलाशी ली

**अल्मोड़ा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस और अर्द्धसैनिक बल की संयुक्त टीम ने सोमवार को लोधिया बैरियर के पास चेकिंग अभियान चलाया। अल्मोड़ा के कोतवाल जगदीश चंद्र देउपा के नेतृत्व में पुलिस टीम और एसएसबी जवानों ने लोधिया बैरियर के पास चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने विभिन्न स्थानों से आने-जाने वाले वाहनों को रोककर उनकी तलाशी ली।

इधर, एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के साथ मिलकर आपराधिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है।

# दो दिवसीय स्टार्टअप बूटकैंप का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल स्थित परिसर में प्रदेश सरकार की देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत दो दिवसीय स्टार्टअप बूटकैंप का आयोजन 12 मार्च से प्रारंभ किया जा रहा है।

जिसमें कुमाऊं विश्वविद्यालय के अतिरिक्त क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के संस्थागत विद्यार्थियों तथा पूर्व विद्यार्थियों एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों सहित पॉलिटेक्निक व निजी विश्वविद्यालय व निजी संस्थान तथा क्षेत्र में निवासरत विद्यार्थियों को स्टार्टअप प्रारंभ करने हेतु विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा जानकारियां दी जाएगी। देवभूमि उद्यमिता योजना के कुमाऊं विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी प्रो. कुमुद उपाध्याय ने बताया कि देवभूमि उद्यमिता योजना का संचालन भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के सहयोग के साथ किया जा रहा है जिसका मूल उद्देश्य देवभूमि उत्तराखंड में उद्यमिता से संबंधित जागरूकता का प्रचार प्रसार करने के साथ स्वरोजगार सहित नए स्टार्टअप तथा नवाचार को बढ़ावा देने तथा नए उद्यम प्रारंभ करने की दिशा में विद्यार्थियों एवं नव युवाओं को शासकीय योजनाओं की जानकारी देने एवं नए उद्योग प्रारंभ करने हेतु संबंधित जानकारियां प्रदान किया जाना है। उन्होंने बताया कि इसके तहत 12 एवं 13 मार्च को दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ तीरथ कुमार और डा. आशीष बिष्ट ने बताया कि कैंप हेतु 180 प्रतिभागियों द्वारा पंजीकरण किया गया है। इस कैंप के पश्चात चिन्हित प्रतिभागियों को आने वाले समय में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम में प्रशिक्षित किया जाएगा।

# क्रिकेट प्रतियोगिता के तीन लीग मुकाबले खेल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के डीएसए मैदान में स्वर्गीय एन. के. आर्या मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित एवं केनरा बैंक द्वारा प्रायोजित स्व. एन के आर्या मेमोरियल क्रिकेट कप 2024 में प्रतियोगिता के तहत सोमवार को तीन लीग मुकाबले खेले गए। इस दौरान मुख्य अतिथि एसडीएम आईएएस राहुल आनंद ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

पहला मुकाबला यंगस्टर इलेवन एवं नैनीताल जू के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते यंगस्टर इलेवन ने 113 रनों का लक्ष्य रखा



जवाब में नैनीताल जू की टीम 109 रनों पर सिमट गई। दूसरा मुकाबला नैनीताल जॉइंट्स एवं सनसाईन के मध्य खेला गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए नैनीताल जॉइंट्स ने 162 रनों का लक्ष्य रखा जवाब में सनशाइन की टीम केवल 96 रन ही बना सकी। तीसरा मुकाबला हिम शिखर एक्सप्रेस एवं युवा एकता मंच भवाली के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हिमशिखर एक्सप्रेस ने 114 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में युवा एकता मंच भवाली की टीम ने 5 विकेट शेष रहते मैच में जीत दर्ज की। निर्णायक सौरभ रावत, शनि शाह, तरुण नेगी, हरीश आर्या, प्रमोद कुमार तथा डा. मोहित रौतेला रहे। संचालन अभिषेक आर्या ने किया। स्कोरर मोहित बिष्ट रहे। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष मोहित आर्या समेत हरीश सिंह राणा, मोहित लाल शाह, कैलाश आर्या, मुकेश कुमार व नवीन आर्या समेत खेल प्रेमी उपस्थित रहे।